भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-2152**

उत्तर देने की तारीख-09/12/2024

**देश में आईआईएम की स्थापना**

†2152. डॉ. कडियम काव्य:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने पर विचार कर रही है, और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख): वर्ष 2014 से पहले 13 आईआईएम कार्यरत थे। 2015-16 के बाद, सात (7) नए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अर्थात् अमृतसर, बोधगया, संबलपुर, जम्मू, सिरमौर, नागपुर और विशाखापत्तनम स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान (नीटी), मुंबई का नाम बदलकर आईआईएम, मुंबई करने के लिए इसे आईआईएम अधिनियम की अनुसूची में शामिल किया गया है। वर्तमान में देश में 21 आईआईएम कार्यरत हैं।

*****